हरिभूमि
# हिसार-हांसी भूमि
रोहतक, शनिवार 18 जुलाई 2026

11 वादाखिलाफी के विरोध में मंत्री रणबीर गंगवा के आवास...


12 गुजवि की शोधार्थी सुनिधि को अमेरिका की यूनिवर्सिटी...


**खबर संक्षेप**

### चोरी के मामले में महिला समेत दो गिरफ्तार

**बरवाला।** पुलिस ने वर्ष 2022 के एक चोरी के मामले में महिला सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बरवाला थाना प्रभारी निरीक्षक कर्मजीत सिंह ने बताया कि 1 अप्रैल 2022 को खेदड़ के बलजीत की शिकायत पर उसके घर में चोरी का मामला दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया था। लगातार जांच और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जमावड़ी निवासी पतासो व जींद के खांडा निवासी रमेश को भी गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों को अदालत में पेश किया गया, जहां से रमेश को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया, जबकि पतासो को पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

### 4 किलो 746 ग्राम गांजे सहित तस्कर दबोचा

**हिसार।** सीआईए मिल गेट पुलिस ने 4 किलो 746 ग्राम गांजा बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान बिहार के सुपौल जिले के राजपुर निवासी हरीराम के रूप में हुई है। सीआईए मिल गेट प्रभारी पीएसआई संजीव कुमार ने बताया कि एएसआई बजरंग सिंह टीम के साथ लांधड़ी टोल प्लाजा क्षेत्र में गश्त पर थे। तभी मिली सूचना पर पुलिस ने काजला मोड़ स्थित दुर्जनपुर पुल के पास युवक को रोककर तलाशी ली तो उससे 4 किलो 746 ग्राम गांजा बरामद हुआ।

### अवैध पिस्तौल व कारतूस के साथ एक काबू

**हांसी।** सीआईए-1 हांसी ने कार्रवाई करते हुए एक युवक को अवैध पिस्तौल और दो जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान वकील कालोनी निवासी प्रवीण के रूप में हुई है। उसे अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। एसआई सम्मत सिंह ने बताया कि पुलिस टीम ने गश्त के दौरान मिली सूचना पर हिसार रोड स्थित केसी फार्म के पास खड़े युवक को काबू कर उसकी तलाशी लेने पर उसके कब्जे से अवैध पिस्तौल और मैगजीन में दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। पूछताछ के दौरान आरोपी हथियार का वैध लाइसेंस प्रस्तुत नहीं कर सका।

# बाइक और स्कूटी की टक्कर में इंटरव्यू देने जा रहे युवक की मौत

## हांसी-बरवाला रोड पर हादसा, इंदिरा कॉलोनी निवासी रजत के रूप में हुई पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

बरवाला रोड पर शुक्रवार सुबह हुए दर्दनाक सड़क हादसे में नौकरी के इंटरव्यू के लिए जा रहे 25 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान इंदिरा कॉलोनी निवासी रजत के रूप में हुई है। वह हांसी के राजकीय महाविद्यालय में बीए का छात्र था। परिजनों के अनुसार रजत शुक्रवार सुबह अपनी बाइक पर सवार होकर बरवाला में नौकरी के इंटरव्यू के लिए जा रहा था। भाटला गांव के निकट एक पेट्रोल पंप के सामने उसकी बाइक की टक्कर भाटला की ओर से आ रही ई-स्कूटी से हो गई।

टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों वाहन सड़क पर गिर गए और रजत गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के तुरंत बाद पेट्रोल पंप के कर्मचारियों और आसपास मौजूद लोगों ने घायल रजत को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं हादसे में ई-स्कूटी चालक के भी घायल होने की सूचना है।





### सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

रजत की मौत की खबर मिलते ही उसके परिजन और इंदिरा कॉलोनी से बड़ी संख्या में लोग नागरिक अस्पताल पहुंच गए। रजत अविवाहित था। उसका पिता सीताराम हांसी में बड़सी गेट बाहर कांजी-बड़े की रेहड़ी लगाकर परिवार का पालन-पोषण करते हैं। हादसे की सूचना मिलते ही भाटला चौकी पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। इसके बाद पुलिस नागरिक अस्पताल पहुंची, जहां मृतक के पिता सीताराम के बयान दर्ज कर शव का पोस्टमार्टम करवाया गया और शव परिजनों को सौंप दिया गया।

# तालाब में डूबने से गई बुडाना की सरपंच के इकलौते बेटे की जान

## बीएससी एग्रीकल्चर का था छात्र 20 वर्षीय प्रिंस बहल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद

उपमंडल के गांव बुडाना के महिला सरपंच के बेटे की तालाब में डूबने से मौत हो गई। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।



गांव बुडाना की सरपंच सरिता पत्नी अनिल कुमार का 20 वर्षीय बेटा प्रिंस बहल के एक शिक्षण संस्थान से बीएससी एग्रीकल्चर की पढ़ाई कर रहा था। वह 15 जुलाई को ही अपने घर आया था। गुरुवार की रात को करीब 9 बजे उसके मोबाइल फोन पर आया। वह फोन पर बातचीत करते हुए घर से बाहर निकल गया और घर के पास एक तालाब पर चला गया। करीब एक घंटे तक भी वह वापिस घर नहीं आया तो उसकी तलाश शुरू की और उसके मोबाइल कई बार फोन किए तो सिर्फ घंटी ही बज रही थी। फोन पिक नहीं हुआ तो घरवालों ने आसपास देखा। किसी पड़ोसी ने बताया कि वह तालाब की दीवार के पास खड़ा था।

### तालाब के पास मिला फोन

तालाब के पास जाकर फोन किया तो फोन की लाइट जलती हुई दिखाई दी। जब उसके परिजन वहां पर पहुंचे तो प्रिंस का मोबाइल फोन व एक चप्पल तालाब की दीवार के पास पड़ी हुई मिली। परिजनों को शक हुआ और अन्य लोगों की मदद से रात के अंधेरे में ही तालाब में सर्च अभियान चलाया। तालाब में करीब 20 मिनट बाद तालाब के अंदर एक युवक का पांव पर कुछ लगा तो उसने वहां पर अन्य लोगों को भी उसी जगह पर बुलाया और गोता लगाकर देखा तो वहां पर तालाब की दलदल में प्रिंस मिला। उसको बाहर निकाला और तुरंत ही अस्पताल लेकर पहुंचे तो डॉक्टरों ने प्राथमिक जांच करने के बाद उसको मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के परिजनों के ब्यान पर इत्फाकिया कारवाई करते हुए हांसी के नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों के हवाले कर दिया। मृतक प्रिंस अपने माता पिता का इकलौता बेटा था। उसकी एक छोटी बहन है। इस संबंध में थाना प्रभारी जितेन्द्र कुमार ने बताया कि मृतक के शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव को परिजनों के हवाले कर दिया है। पुलिस मामले की हर एंगल से जांच कर रही है।

# हिसार के चार स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी से हड़कंप, बच्चों की छुट्टी की

## बम स्क्वायड दस्ते ने की जांच, पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाली

- आर्मी स्कूल, केंद्रीय विद्यालय, डीपीएस व विश्वास स्कूल को मिला धमकी भरा ई-मेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

जिले की कानून व्यवस्था और सुरक्षा एजेंसियों में उस समय हड़कंप मच गया, जब शहर के चार प्रतिष्ठित स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी भरा ई-मेल प्राप्त हुआ। यह धमकी केंद्रीय विद्यालय, आर्मी पब्लिक स्कूल, दिल्ली पब्लिक स्कूल और विश्वास सीनियर सेकेंडरी स्कूल को भेजी गई है। ई-मेल सामने आने के तुरंत बाद पुलिस की विभिन्न टीमों ने मुस्तैदी दिखाते हुए स्कूलों में पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और चप्पे-चप्पे की गहनता से जांच की। बस स्क्वायड दस्ते ने स्कूलों का कौना-कौना खंगाल डाला, लेकिन कुछ नहीं मिला।

### सुबह 11:20 बजे आया मेल

शुक्रवार सुबह करीब 11:20 बजे हिसार के इन चारों स्कूलों के प्राचार्यों को एक धमकी भरा ई-मेल मिला। यह मेल 'एलेक्जेंडरआरबलाडेएस' के नाम से भेजा गया था। ई-मेल में धमकी देने वाले ने लिखा कि हम बच्चों के खिलाफ नहीं हैं। अपने बच्चों को बचा लो, स्कूल को बम से उड़ा देंगे। इसके साथ ही मेल में फिल्म का जिक्र करते हुए लिखा गया कि दिलजीत दोसांझ की फिल्म 'सतलुज' को बैन किया गया है, हम उसका बदला लेंगे। धमकी भरा ई-मेल मिलते ही स्कूल प्रबंधन ने बिना कोई देरी किए तुरंत पुलिस के उच्चाधिकारियों को मामले की सूचना दी। एहतियात के तौर पर आर्मी पब्लिक स्कूल और केंद्रीय विद्यालय में सुबह 11:20 बजे ही तुरंत बच्चों की छुट्टी कर दी गई और परिसर को खाली करवा लिया गया।

### पुलिस और प्रबंधन अलर्ट

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस की टीमों ने तुरंत एक्टिव हो गई। स्कूलों में बम स्क्वायड टीम भी पहुंच गई। पुलिस ने स्कूलों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को खंगाला और संदिग्ध गतिविधियों की जांच की। इसके साथ ही पुलिस प्रशासन द्वारा स्कूल प्रबंधनों को पूरी तरह अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए हैं। प्रबंधन से कहा गया है कि स्कूल परिसर या उसके आसपास कोई भी संदिग्ध वस्तु या अज्ञात व्यक्ति दिखाई देने पर तुरंत पुलिस को सूचित करें।

### गंभीरता से करवाई मामले की जांच

इस तरह के ई-मेल अक्सर फेक होते हैं। फिर भी सुरक्षा के लिहाज से एहतियात बरतते हुए पुलिस टीमों द्वारा सभी स्कूलों में जाकर बेहद गहनता से जांच करवाई गई है, जहां तलाशी के दौरान कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है। पुलिस प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट है और स्थिति पर नजर रखे हुए है। मामले की जांच की जा रही है।

**-सिद्धांत जैन,** एसपी, हिसार।

# शहर में फिर होगा आवारा कुत्तों का बधियाकरण निगम प्रशासन को मुख्यालय से मिली हरी झंडी

## बजट विवाद के कारण पिछले कुछ समय से बंद पड़ा था अभियान

- इस बार 6 हजार कुत्तों के बधियाकरण का टारगेट
- जयपुर की एजेंसी ही 1375 की दर पर करेगी काम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

शहर की सड़कों और गलियों में घूम रहे आवारा कुत्तों के आतंक से परेशान शहरवासियों के लिए राहत भरी खबर है। आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या पर अंकुश लगाने के लिए नगर निगम एक बार फिर से बधियाकरण और वैक्सीनेशन का अभियान शुरू करने जा रहा है। इस संबंध में नगर निगम प्रशासन के मुख्यालय से हरी झंडी मिल चुकी है। इस बार निगम क्षेत्र में कुल 6 हजार आवारा कुत्तों के बधियाकरण का लक्ष्य तय किया गया है।

**बजट के फेर में अटक गया था काम**

बता दें कि इससे पहले जयपुर की एक एजेंसी को निगम एरिया में शुरुआत में 5 हजार कुत्तों के बधियाकरण व वैक्सीनेशन का ठेका दिया गया था। एजेंसी 1 मई 2026 तक प्रति कुत्ता 1375 रुपये की दर से यह काम कर रही थी। इसी बीच सरकार की तरफ से नए निर्देश जारी हुए, जिसमें इस कार्य को 1375 रुपये की बजाय 800 रुपये प्रति कुत्ता करने की बात कही गई। कम बजट के चलते एजेंसी ने इस राशि पर काम करने से साफ मना कर दिया, जिसके बाद से शहर में कुत्तों की नसबंदी और टीकाकरण का काम पूरी तरह ठप पड़ा था। अब मुख्यालय ने दोबारा पुरानी दर पर ही काम को मंजूरी दे दी है। उधर, कुत्तों के बधिकरण व टीकाकरण अभियान के बीच में ही बंद होने से निगम एरिया में इनकी संख्या और अधिक बढ़ने की संभावना है।

**डॉग बाइट के मामले**

| | |
|---|---|
| 2012 | 4516 |
| 2013 | 9400 |
| 2014 | 7224 |
| 2015 | 9491 |
| 2016 | 8063 |
| 2017 | 10454 |
| 2018 | 11443 |
| 2019 | 14766 |
| 2020 | 2173 |
| 2021 | 1681 |
| 2022 | 4310 |
| 2023 | 6545 |
| 2024 | 6716 |
| 2025 | 8691 |

### मानसून सीजन में ज्यादा खूंखार हो जाते हैं कुत्ते

हिसार और आसपास के इलाकों में आवारा कुत्ते लगातार हिंसक होते जा रहे हैं। हर महीने डॉग बाइट के मामलों में इजाफा हो रहा है। आंकड़ों के विश्लेषण से पता चलता है कि जुलाई, अगस्त और सितंबर के महीनों में कुत्ते सबसे ज्यादा आक्रामक होते हैं। जुलाई से सितंबर में डॉग बाइट के मामले बढ़कर 1400 से 1900 के बीच पहुंच जाते हैं। अन्य महीने यह आंकड़ा सामान्यतः 400 से 850 के बीच रहता है।

### दुपहिया चालकों व बच्चों में खौफ

शहर के सामान्य मोहल्लों की तो बात ही छोड़िए, अर्बन एस्टेट जैसे पॉश इलाकों में भी आवारा कुत्तों का जबरदस्त आतंक है। सड़कों पर निकलते ही कुत्ते दुपहिया वाहन चालकों के पीछे दौड़ने लगते हैं। इस वजह से कई बार बाइक व स्कूटी असंतुलित होकर गिर जाती हैं और लोग चोटिल हो जाते हैं। घरों के बाहर खेलने वाले बच्चे और पार्क में टहलने वाले बुजुर्ग हर वक्त खौफ के साए में जीने को मजबूर हैं।

### शहर में 10 हजार आवारा कुत्ते होने का है अनुमान

जयपुर की एजेंसी को पिछले साल जब ठेका दिया गया था तो अनुमान लगाया गया था कि शहर में 10 हजार 800 आवारा कुत्ते है। इसमें से एजेंसी द्वारा करीब 5000 कुत्तों का बधियाकरण व टीकाकरण का कार्य किया जा चुका है। अब शहर में बाकी कुत्तों के लिए बधियाकरण व टीकाकरण का अभियान शुरू होगा।

### पिछले सात महीने में कुत्तों के काटने की कुछ प्रमुख घटनाएं

- **26 जून 2026** मिर्चपुर में सुबह एक कुत्ते ने 4 वर्षीय अंशिका, 3 वर्षीय परमवीर और 11 वर्षीय यशवीन को घायल कर दिया।
- **12 जून 2026** मिंगनीखेड़ा में गली से गुजर रहे जयवीर को कुत्ते काटकर घायल कर दिया।
- **7 जून 2026** कैमरी में गली में खेल रहे 13 वर्षीय आर्यन को पड़ोसी के पालतू कुत्ते ने हमला कर जख्मी कर दिया।
- **1 अप्रैल 2026** शहर में सुबह से दोपहर 2 बजे तक 10 लोगों को काटकर अस्पताल पहुंचा दिया।
- **मार्च 2026** मिलगेट क्षेत्र का रहने वाले 10 वर्षीय छात्र यश पर हमला कर एक आवारा कुत्ते ने उसके पैर को बुरी तरह चबा लिया।
- इसी दौरान शहर में एक ही दिन में 4 लोग डॉग बाइट का शिकार हुए, जिनमें से एक महिला को तो 3 महीने में दूसरी बार कुत्ते ने काटा था।
- **20 फरवरी 2026** जुगलान में एक पालतू पिटबुल कुत्ता जंजीर तुड़वाकर महिला सुरेश देवी को जमीन पर गिराकर काफी देर तक नोंचता रहा।
- **9 नवंबर 2025** सेक्टर-14 की स्लम बस्ती में 12 वर्षीय गौरव की पीठ को कुत्ते ने लहूलुहान कर दिया। इसी दिन नंगथला में 55 वर्षीय राम अवतार को गली के कुत्ते ने गहरे जख्म दिए।
- **22 अक्टूबर 2025 (हिसार):** घर के पास गली में खेल रहे 9 वर्षीय मासूम ऋषभ की जांघ पर बुरी तरह काट लिया।
- **16 सितंबर 2025** सीसवाल में एक कुत्ते ने सरकारी स्कूल में 6 बच्चों व एक घर में दो बच्चों और गली में बुजुर्ग का हाथ काट खाया।

### आदेश आ चुके हैं, जल्द शुरू किया जाएगा बधियाकरण और वैक्सीनेशन

मुख्यालय की तरफ से इस संबंध में आदेश प्राप्त हो चुके हैं। निगम एरिया में जल्द ही 6000 आवारा कुत्तों के बधियाकरण व वैक्सीनेशन का कार्य शुरू किया जाएगा। इस कार्य के लिए पूर्व की भांति संबंधित एजेंसी को प्रति कुत्ता 1375 का भुगतान किया जाएगा।

**-डॉ. प्रदीप हुड्डा,** अतिरिक्त निगमायुक्त, हिसार।

### सार्थक टीम के नोटिसों पर भारी पड़ी लापरवाही एसीएस ने दिए आदेश

# सीएमओ समेत आठ हेल्थ अफसरों पर होगी अनुशासनात्मक कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

प्रदेश सरकार ने स्वास्थ्य विभाग में कार्य के प्रति लापरवाही और सार्थक टीम के नोटिसों का संतोषजनक जवाब नहीं देने को गंभीरता से लिया है। इसी के चलते सरकार ने सीएमओ सहित आठ स्वास्थ्य अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू करने के आदेश जारी किए हैं।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी पत्र के अनुसार, हरियाणा सिविल सेवा (दंड तथा अपील) नियम, 2016 के नियम-8 के तहत इन अधिकारियों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई करने का निर्णय लिया गया है। पत्र में कहा गया है कि संबंधित अधिकारियों ने सार्थक टीम के नोटिसों का संतोषजनक उत्तर नहीं दिया, कार्य के प्रति उदासीनता दिखाई तथा अपने कर्तव्यों के निर्वहन में खराब प्रदर्शन किया। इन तथ्यों को देखते हुए सरकार ने उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू करने का फैसला लिया है।

### इन अधिकारियों के विरुद्ध दिए गए हैं कार्रवाई के निर्देश



जिन अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं, उनमें सिविल सर्जन डॉ. सपना गहलावत, सीएचसी मंगाली के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. सज्जन, सीएचसी सीसवाल की वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. आशिमा चौधरी, सीएचसी खांडा खेड़ी के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेंद्र शर्मा, सीएचसी मिर्जापुर के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. विक्रम, सीएचसी आर्यनगर के वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. रोशनलाल, उप सिविल सर्जन (एनएचएम) डॉ. जितेंद्र शर्मा तथा उप सिविल सर्जन (एनसीडी) डॉ. नीरज गुप्ता शामिल हैं।

### 15 दिन में सरकार को भेजना होगा आरोप पत्रों का प्रारूप

स्वास्थ्य विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव की ओर से जारी किए गए आदेशों की प्रति मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) हरियाणा को भी आवश्यक कार्रवाई के लिए भेजी गई है। सरकार ने स्वास्थ्य सेवाएं, हरियाणा के महानिदेशक को निर्देश दिए हैं कि इन अधिकारियों के विरुद्ध नियम-8 के तहत आरोप-पत्रों का प्रारूप विभागीय एडवोकेट से जांच करवाकर 15 दिनों के भीतर सरकार को भेजा जाए, ताकि आगे की विभागीय कार्रवाई की जा सके। स्वास्थ्य विभाग के इस फैसले को सरकारी कार्यों में जवाबदेही सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। विभागीय सूत्रों के अनुसार, सरकार अब कार्य निष्पादन और जवाबदेही को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही पर सख्त रुख अपना रही है।

**कार्यक्रम** भारत की पहली हाइड्रोजन ट्रेन के शुभारंभ का हिसार में सीधा प्रसारण, विकास योजनाओं का दिया संदेश

# हाइड्रोजन ट्रेन से हरित भारत की नई शुरुआत: रणबीर गंगवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत आज आधुनिक बुनियादी ढांचे, हरित ऊर्जा, रेलवे, सडक़, जल, डिजिटल तकनीक और औद्योगिक विकास के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रहा है। भारत की पहली हाइड्रोजन ट्रेन का शुभारंभ केवल एक नई रेल सेवा की शुरुआत नहीं, बल्कि स्वच्छ ऊर्जा, पर्यावरण संरक्षण और अत्याधुनिक तकनीक के क्षेत्र में भारत की बढ़ती क्षमता का प्रतीक है। यह उपलब्धि आत्मनिर्भर भारत और हरित भारत के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगी। आज का दिन हरियाणा ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण है। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष आशा खेदड़, हरियाणा वन विकास निगम के अध्यक्ष रवि सैनी, पूर्व चेयरमैन सतबीर वर्मा, उपायुक्त महेंद्र पाल, गुजवि के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई, पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन, पूर्व मेयर शकुन्तला राजलीवाला, पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर अनिल सैनी मानी, जिला नगर आयुक्त सी. जयाश्रद्धा, अतिरिक्त उपायुक्त शालिनी चेतल, एसडीएम ज्योति मित्तल आदि उपस्थित रहे।



**हिसार।** प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को प्रतीकात्मक रूप से आवास की चाबियां एवं स्वीकृति प्रमाण-पत्र सौंपते हुए कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा व अन्य।

### पीएमएवाई: पात्रों को दीं चाबियां

कैबिनेट मंत्री शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा जींद से भारत की पहली हाइड्रोजन ट्रेन के शुभारंभ तथा लगभग 14,700 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं के उद्घाटन एवं शिलान्यास कार्यक्रम के अवसर पर गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मुख्य सभागार में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम के दौरान जींद से प्रधानमंत्री के मुख्य समारोह का सीधा प्रसारण किया गया, जिसे बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं नागरिकों ने देखा। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को प्रतीकात्मक रूप से आवास की चाबियां एवं स्वीकृति प्रमाण-पत्र भी वितरित किए।

### नवाचार का उत्कृष्ट उदाहरण

पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने कहा कि हाइड्रोजन ट्रेन आत्मनिर्भर भारत की दिशा में देश की तकनीकी क्षमता और नवाचार का उत्कृष्ट उदाहरण है। विधायक सावित्री जिंदल ने कहा कि जिन विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास हुआ है, वे हरियाणा की अर्थव्यवस्था को नई मजबूती प्रदान करेंगी। मेयर प्रवीन पोपली ने कहा कि सरकार का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक तक विकास का लाभ समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पहुंचाना है। पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सभी मुख्य अतिथि एवं जनप्रतिनिधि इलेक्ट्रिक व्हीकल से कार्यक्रम स्थल पहुंचे। मेयर प्रवीण पोपली, उपायुक्त महेंद्र पाल, पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन, एसडीएम ज्योति मित्तल सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी लघु सचिवालय परिसर से एक साथ इलेक्ट्रिक सिटी बस में सवार होकर गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कार्यक्रम स्थल तक पहुंचे।

# बड़ी कंपनी में नौकरी दिलाने का झांसा दे ठगे ₹2.85 लाख

**हिसार।** साइबर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत साइबर थाना क्राइम टीम ने नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों की ऑनलाइन ठगी करने वाले गिरोह के एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। सहायक पुलिस अधीक्षक मयंक मुदगिल ने बताया कि इस संबंध में वर्ष 2025 में एक युवती ने शिकायत दर्ज कराई थी कि टीसीएस व विप्रो कंपनी में नौकरी दिलाने का झांसा देकर स्वयं को एचआर अधिकारी बताने वाले साइबर ठगों ने रजिस्ट्रेशन, वेरिफिकेशन, इंटरव्यू, अपॉइंटमेंट, ऑफर लेटर, जॉइनिंग और अन्य प्रोसेसिंग फीस के नाम पर उससे दो लाख 85 हजार 402 रुपये की ठगी कर ली। पुलिस ने साइबर क्राइम थाना में मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने बैंक खातों, मोबाइल नंबरों, डोमेन रिकॉर्ड, तकनीकी साक्ष्यों तथा अन्य दस्तावेजों का गहन विश्लेषण किया। पुलिस ने बताया कि इस मामले में पहले ही दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से नकदी और मोबाइल फोन बरामद किए जा चुके हैं। जांच को आगे बढ़ाते हुए अब पुलिस ने गिरोह के एक और सदस्य आनंद विहार दिल्ली निवासी दीपक उर्फ ढक्कन को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर गिरोह के अन्य सदस्यों, ठगी की रकम के लेन-देन और देश के अन्य राज्यों में हुई इसी प्रकार की वारदातों के संबंध में जानकारी जुटा रही है।



# ओएमजी 2 का आइडिया मेरा था क्रेडिट तक नहीं दिया गया : परेश

**मुंबई।** अभिनेता परेश रावल ने अक्षय कुमार और पंकज त्रिपाठी की फिल्म 'ओएमजी 2' को लेकर एक बड़ा दावा किया है। एक्टर ने दावा किया कि 'ओएमजी 2' की कहानी असल में एक आइडिया के तौर पर शुरू हुई थी, जिसे उन्होंने डायरेक्टर अमित राय के साथ मिलकर डेवलप किया था। बाद में उन्हें ही इस कहानी या कॉन्सेप्ट का क्रेडिट नहीं दिया गया। एक्टर ने यह भी कहा कि अक्षय कुमार के इस प्रोजेक्ट से जुड़ने के बाद कहानी में काफी बदलाव किए गए, जिसकी वजह से उन्होंने फिल्म से अलग होने का फैसला किया। उन्होंने बताया कि उनकी ओरिजिनल कहानी पिता-बेटे के रिश्ते पर आधारित एक ड्रामा थी, जिसमें यौन शिक्षा, लोगों के बीच बेइज्जती और न्याय के लिए माता-पिता की लड़ाई जैसे मुद्दे शामिल थे।

लाइफ Style



# कृति
## सनकी लड़की का रोल करना चाहती हूं

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

कृति सेनन का कहना है कि अब वे लीक से हटकर किरदारों के जरिए खुद को चुनौती देने के लिए उत्साहित हैं। अभिनेत्री ने माना कि वे जाने-पहचाने किरदारों से आगे बढ़ना चाहती हैं और उन्हें खास तौर पर साइकोलॉजिकली इंटेंस किरदार पसंद हैं। उन्होंने कहा कि वे पर्दे पर 'साइको चिक' का रोल निभाना पसंद करेंगी।

कृति सेनन ने हाल ही में एक बातचीत में उस तरह के किरदारों के बारे में बात की, जिन्हें वे भविष्य में आजमाना चाहती हैं। उन्होंने बताया कि साइकोलॉजिकल ड्रामा 'ऑब्सेशन' देखने के बाद उन्हें स्क्रिप्ट चुनने के अपने तरीके पर फिर से सोचने की प्रेरणा मिली। फिल्म के असर के बारे में बात करते हुए कृति ने कहा, 'जब मैंने 'ऑब्सेशन' देखी, तो मुझे लगा, 'अरे बाप रे, हमें सेफ खेलने की आदत छोड़नी होगी। हमें कुछ हटकर करना होगा'। इसने मुझे सच में बहुत उत्साहित किया। कृति सेनन एक 'साइको' लड़की का किरदार निभाना चाहती हैं। एक्ट्रेस ने जेंडाया जैसे स्टार्स को भी इसका क्रेडिट दिया, जिन्होंने अपनी शानदार परफॉर्मेंस मुश्किल किरदारों को निभा पाने की हिम्मत से प्रेरित किया है। कृति ने रियल पर्सनैलिटी से बिल्कुल हटकर किरदार निभाने की ख्वाहिश जताई। उन्होंने कहा, 'मैं एक सनकी किरदार निभाना चाहती हूं'। कृति सेनन ने कहा, 'मैं किरदारों को लेकर सेफ साइड में नहीं चलना चाहती। एक अभिनेत्री के रूप में, ऐसा जीवन जीना बहुत रोमांचक है, जो आपके जीवन से बिल्कुल अलग है और उस व्यक्ति का पता लगाना जो आप नहीं हैं। मैं पूरी तरह से किसी मानसिक रोगी का किरदार निभाना पसंद करूंगी'। कृति के वर्क फ्रंट की बात करें तो हाल ही में उन्हें 'कॉकटेल 2' में देखा गया।

हॉलीवुड मसाला



# बड़े शहरों में द ओडिसी के टिकट काफी महंगे

**नई दिल्ली।** क्रिस्टोफर नोलन की मच अवेटेड फिल्म 'द ओडिसी' शुक्रवार को थिएटर्स में रिलीज हो चुकी है। टिकट की कीमतें चौंकाने वाली हैं। पुणे के आईएनओएक्स मेगाप्लेक्स में रिक्लाइनर सीट की कीमत 3,400 है। मुंबई के लोअर परेल स्थित पीवीआर आइकान, फीनिक्स पैलेडियम में यही सीट 3,100 में मिल रही है। वहीं, दिल्ली-एनसीआर के पीवीआर आईमैक्स (प्रिया) में टिकट 2,500 तक पहुंच गए हैं। बेंगलुरु में सिनेपोलिस नेक्सस शांतिनिकेतन में एक टिकट 1,950 का है, जबकि आईएनओएक्स साउथ सिटी मॉल में टिकट 1,240 तक मिल रहा है। फिल्म को लेकर दर्शकों में काफी एक्साइटमेंट है और एडवांस बुकिंग भी तेजी से हो रही है।



# सिनेमा में आने से पहले करता था कारपेंटर का काम

**नई दिल्ली।** ऐसे कई एक्टर हुए, जिन्होंने अपने स्ट्रगल के दिनों में छोटे- मोटे काम किए और फिर सिनेमा के बड़े स्टार बने. उनके टैलेंट को पूरी दुनिया ने सराहा। आज हम ऐसे ही एक एक्टर के बारे में बताने जा रहे हैं। वो एक्टर हैं हैरिसन फोर्ड। 1960 के दशक के आखिर में संघर्ष कर रहे हैरिसन फोर्ड ने अपने परिवार का खर्च चलाने के लिए लाइब्रेरी की किताबों को पढ़ कर कारपेंटरी (बढ़ई का काम) सीखी और वह हॉलीवुड सेलेब्स के बीच पसंदीदा कारीगर बन गए। 1975 में जब वह उस ऑफिस में दरवाजा लगा रहे थे, जहां जॉर्ज 'स्टार वॉर्स' के लिए ऑडिशन ले रहे थे। तब फोर्ड से ऑडिशन देने वाले एक्टर्स के साथ डायलॉग पढ़ने के लिए कहा गया। उनकी प्रतिभा को देखते हुए उन्हें 'हान सोलो' के रोल के लिए चुना गया। फोर्ड 1960 के दशक में हॉलीवुड आए और कोलंबिया पिक्चर्स के साथ कॉन्ट्रैक्ट साइन किया। उन्हें सिर्फ छोटे-मोटे और असंतोषजनक रोल मिले, जिनसे मुश्किल से ही गुजारा हो पाता था।



# हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में लोग सपोर्ट नहीं करते

**मुंबई।** अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह कई तेलुगु और हिंदी फिल्मों में काम कर चुकी हैं। हाल ही में उन्होंने दोनों इंडस्ट्रीज में काम करने के माहौल के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि उन्हें लगता है कि टॉलीवुड में लोग एक बड़े परिवार की तरह काम करते हैं, जबकि बॉलीवुड में माहौल अलग होता है। रकुल प्रीत सिंह ने बताया कि तेलुगु इंडस्ट्री ने हमेशा उनका गर्मजोशी से स्वागत किया है और सपोर्ट किया है। रकुल के मुताबिक, वहां के एक्टर्स, डायरेक्टर्स और प्रोड्यूसर्स हमेशा एक-दूसरे का हौसला बढ़ाने के लिए तैयार रहते हैं। उन्होंने कहा कि वे खुशी-खुशी एक-दूसरे के ट्रेलर को प्रमोट करते हैं। दूसरी ओर, उन्होंने कहा कि हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में उन्हें अक्सर लोगों में असुरक्षा की भावना महसूस होती है। उन्होंने कहा कि इसी वजह से कई लोग खुलकर दूसरों की फिल्मों को सपोर्ट नहीं करते हैं।



# 4000 करोड़ की रामायण में भगवान शिव बनेगा ये एक्टर

**नई दिल्ली।** नितेश तिवारी की 'रामायण' में भगवान शिव के किरदार के लिए मोहित रैना का नाम सबसे आगे चल रहा है। हालांकि, फिल्म के मेकर्स की ओर से अभी तक इस कास्टिंग को लेकर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। इसके बावजूद सोशल मीडिया और फिल्मी गलियारों में लगातार यही दावा किया जा रहा है कि मेकर्स इस अहम भूमिका के लिए मोहित रैना को लेकर काफी उत्साहित हैं। मोहित रैना ने टीवी के पॉपुलर शो 'देवों के देव... महादेव' में भगवान शिव का किरदार निभाकर जबरदस्त लोकप्रियता हासिल की थी। उनकी एक्टिंग, डायलॉग्स और स्क्रीन प्रेजेंस ने इस किरदार को दर्शकों के बीच बेहद खास बना दिया था। यही वजह रही कि आज भी बड़ी संख्या में लोग उन्हें 'महादेव' के नाम से पहचानते हैं। अगर रिपोर्ट्स सही साबित होती हैं तो लंबे समय बाद दर्शकों को एक बार फिर उन्हें भगवान शिव के रूप में देखने का मौका मिल सकता है।

टीवी मसाला



# सोनू ने गाया था दूरदर्शन के पॉपुलर शो का गाना

**नई दिल्ली।** टीवी पर सिर्फ एक धुन बजती थी।.. और अगले ही पल पूरा घर चुप हो जाता था। बच्चों की बातें रुक जाती थीं, बड़े भी अपनी जगह छोड़ने का नाम नहीं लेते थे। जैसे-जैसे गाने की धुन आगे बढ़ती, वैसे-वैसे तिलिस्म और रोमांच से भरी एक नई दुनिया का दरवाजा खुलने लगता था। मजेदार बात ये है कि उस धुन को सुनकर करोड़ों लोगों ने बचपन बिताया, लेकिन उसकी आवाज के पीछे कौन था, ये राज आज भी बहुत कम लोग जानते हैं। फिल्मों में अपनी आवाज का जादू बिखेरने से पहले एक मशहूर सिंगर ने दूरदर्शन के इस सुपरहिट शो को अपनी आवाज देकर हमेशा के लिए यादगार बना दिया। ये शो था 'चंद्रकांता', जिसने 90s में दूरदर्शन पर आते ही दर्शकों को अपना दीवाना बना लिया था। शो की कहानी जितनी दिलचस्प थी, उसका टाइटल सॉन्ग भी उतना ही खास था। बहुत कम लोग जानते हैं कि इस यादगार टाइटल ट्रैक को सोनू निगम ने अपनी आवाज दी थी। उनकी आवाज ने शो के रहस्यमयी माहौल को ऐसा रंग दिया कि पहली धुन बजते ही लोग टीवी के सामने टिक जाते थे। तिलिस्म, ऐयारी, प्यार और सस्पेंस से भरी चंद्रकांता की दुनिया हर हफ्ते दर्शकों को नई रोमांचक यात्रा पर ले जाती थी। लेकिन शो का टाइटल सॉन्ग भी इसकी सबसे बड़ी पहचान बन गया. उस दौर में ना सोशल मीडिया था और ना ही यूट्यूब, फिर भी लोग इसकी धुन गुनगुनाते थे। यही वजह है कि आज भी ये गाना सुनते ही 90s की ढेर सारी यादें ताजा हो जाती हैं।

## आकांक्षा के कारण असहज हो जाते हैं धीरज

**नई दिल्ली।** टीवी एक्टर धीरज धूपर ने रियलिटी शो "लॉक अपः सच या सजा" में अपनी को-कंटेस्टेंट आकांक्षा चमोला को 'रेड फ्लैग' कहा है, क्योंकि उनके व्यवहार से धीरज को असहज महसूस होता है। शो के आने वाले 'जजमेंट डे'



एपिसोड में एक्टर अर्जुन कपूर धीरज से पूछेंगे कि वह आकांक्षा को क्या टैग देना चाहेंगे। आकांक्षा ने पहले खुलकर खुद को 'बाइसेक्सुअल' बताया था और बाद में शो के दौरान खुद को 'एसेक्सुअल' कहा। धीरज ने उन्हें रेड फ्लैग का टैग दिया और इसकी वजह भी बताई। उन्होंने कहा, रेड फ्लैग, जिस तरह से वह व्यवहार करती हैं, उससे मैं असहज हो जाता हूं। उन्होंने पामेला सेरेना के साथ आकांक्षा की करीबी बॉन्डिंग की ओर भी इशारा किया. धीरज की बात सुनकर आकांक्षा नाराज हो गईं और कहा- ऐसा लग रहा है जैसे मैं आपको शारीरिक रूप से असहज कर रही हूं। नेटफ्लिक्स के इस शो में आकांक्षा चौधरी, योगेश रावत, राम कपूर, श्रेया कालरा, शिवांगी जोशी, हर्षद चोपड़ा, सूफी मोतीवाला, धीरज धूपर और वरुण यादव (उर्फ लैला) जैसे मशहूर नाम शामिल हैं।

# 7 महीने की प्रेग्नेंसी में किया ताबड़तोड़ एक्शन



**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण पर्दे पर कई तरह के रोल कर चुकी हैं। उन्होंने रोमांटिक हीरोन से लेकर एक्शन हीरोइन तक माना जाता है। दीपिका पादुकोण इन दिनों प्रेग्नेंट हैं। लेकिन, इस दौरान भी दिग्गज एक्ट्रेस का जज्बा कम होने का नाम नहीं ले रहा है। दीपिका पादुकोण अपनी तीसरी तिमाही में भी रुके बिना काम कर रही हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार, दीपिका अपनी आने वाली फिल्म राका की शूटिंग लगातार चला रही हैं। आठ घंटे की तय शिफ्ट और वर्क-लाइफ बैलेंस की वकालत के बावजूद वे फिल्म को समय पर पूरा करने के लिए पूरी तरह समर्पित हैं।सात महीने की प्रेग्नेंसी में दीपिका नाइट शिफ्ट्स कर रही हैं और बेहद चुनौतीपूर्ण एक्शन सीक्वेंस शूट कर रही हैं। मैटरनिटी लीव से पहले वे इस प्रोजेक्ट को पूरा करने पर पूरा ध्यान दे रही हैं। फिल्म की टीम दीपिका के प्रोफेशनलिज्म से काफी प्रभावित है। टीम के एक सदस्य ने कहा, "दीपिका ने मैटरनिटी ब्रेक से पहले फिल्म पूरी करने का फैसला कर लिया था। कुछ एक्शन सीक्वेंस बेहद मुश्किल और थकाऊ थे, लेकिन उन्होंने हर चुनौती को पार कर लिया. सेट पर उनका यह जुनून सबके लिए प्रेरणादायक है। साथ ही घर पर उनकी डेढ़ साल की बेटी को भी वे पूरा समय और प्यार दे रही हैं।" राका एटली की महत्वाकांक्षी साइंस-फिक्शन फैंटेसी एक्शन फिल्म है, जिसमें अल्लू अर्जुन और दीपिका पादुकोण मुख्य भूमिकाओं में हैं। बड़े बजट वाली इस पैन-इंडिया फिल्म में शानदार विजुअल इफेक्ट्स और दमदार एक्शन सीक्वेंस देखने को मिलेंगे.

# बंटवारा 1947 से पहले रिलीज हो रही हैं सनी की ये 3 फिल्में

**मुंबई।** सनी देओल अगले महीने फिर से पर्दे पर नजर आने वाले हैं। उनकी फिल्म बंटवारा 1947 सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। यह फिल्म 14 अगस्त को बड़े पर्दे पर दस्तक देगी। लेकिन, उससे पहले सनी देओल की लगातार तीन हफ्ते में तीन फिल्में रिलीज होने वाली हैं। सनी देओल बॉलीवुड के दिग्गज कलाकारों में से एक हैं। फैंस उनकी फिल्म का बेसब्री से इंतजार करते हैं। आने वाले 20 दिन के अंदर सनी देओल ने तीन बड़ी हिट फिल्में फिर से सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली हैं।




## कौन-कौन सी फिल्में होंगी रिलीज

दरअसल, पीवीआर इनॉक्स सनी देओल और राजकुमार संतोषी की शानदार विरासत का जश्न मना रहा है। इसके लिए वे 90 के दशक की तीन यादगार ब्लॉकबस्टर फिल्मों को फिर से रिलीज कर रहे हैं। इस रेट्रोस्पेक्टिव की शुरुआत 24 जुलाई को दामिनी से होगी, इसके बाद 31 जुलाई को घातक और 7 अगस्त को घायल को सिनेमाघरों में दिखाया जाएगा। यह दर्शकों को 14 अगस्त को 'बंटवारा 1947' की रिलीज से पहले बड़े पर्दे पर इन क्लासिक फिल्मों का अनुभव करने का मौका देता है। यह पहल भारतीय सिनेमा की सबसे मशहूर फिल्ममेकर-एक्टर जोड़ी को सम्मान देती है और साथ ही पुराने फैंस और नई पीढ़ी के दर्शकों को इन यादगार फिल्मों को एक बार फिर थिएटर में देखने के लिए आमंत्रित करती है। बात करें फिल्म 'दामिनी' की तो यह फिल्म पहली बार साल 1993 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस फिल्म को बड़े पर्दे पर खूब पसंद किया गया था। 'दामिनी' में सनी देओल के साथ ऋषि कपूर,मीनाक्षी शेषाद्री और अमरीश पुरी मुख्य भूमिका में हैं। वहीं, फिल्म घातक में साल 1996 में सिनेमाघरों में आई थी। इस फिल्म ने उस वक्त बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा दी थी। 'घायल' की सनी देओल के कॅरियर की कल्ट फिल्मों में से एक है। यह फिल्म 1990 में रिलीज हुई थी। इन सभी फिल्मों में सनी देओल के साथ मीनाक्षी शेषाद्री मुख्य भूमिका में थीं।

## पर्दे पर शायर बनते-बनते रह गए, लीना के साथ आने वाले थे नजर

# 57 साल पहले डिब्बा बंद हुई थी अमिताभ की फिल्म

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अमिताभ बच्चन को आज के समय में हिंदी सिनेमा का महानायक माना जाता है। पिछले 6 दशकों से ज्यादा लंबे करियर में अमिताभ ने एक से बढ़कर एक मूवीज के जरिए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया है। ज्यादा बातें उनकी हिट फिल्मों की जाती है, लेकिन आज चर्चा बिग बी की उस फिल्म के बारे में होगी, जिसमें अमिताभ बच्चन एक शायर की भूमिका निभाने वाले थे। ये एक बायोपिक मूवी थी और इसकी शूटिंग भी शुरू हो गई थी। लेकिन. फिर बाद में जाकर ये डिब्बा बंद हो गई। आइए जानते हैं कि अमिताभ बच्चन की 57 साल पुरानी वह फिल्म कौन सी थी।



### मिर्जा गालिब पर बनी हैं ये फिल्म

अमिताभ बच्चन बेशक पर्दे पर शायर मिर्जा गालिब की भूमिका नहीं निभा पाए। लेकिन, इस शायर की जिंदगी पर बनी सबसे मशहूर फिल्म मिर्जा गालिब (1954) में दिग्गज अभिनेता रहे भरत भूषण ने मुख्य भूमिका निभाकर वाहवाही लूटी थी।

### कुछ दिनों की शूटिंग के बाद बंद हो गई

फिल्म की कास्ट के स्क्रीन टेस्ट भी हो गए थे, जिसमें अमिताभ ने सभी को प्रभावित किया। इसी वजह से सवान कुमार ने मिर्जा गालिब के शुरुआती सीन्स को भी फिल्मा लिया था। लेकिन, कुछ दिनों की शूटिंग के बाद मिर्जा गालिब बंद हो गई। आईएमडीबी की रिपोर्ट में ये दावा किया जाता है कि इस मूवी के निर्माताओं का अमिताभ बच्चन की आवाज और दुबले-पतले शरीर को लेकर स्क्रीन प्रजेंस पर संदेह होने लगा। उन्होंने मिर्जा गालिब पर पैसा लगाने से मना कर दिया और सावन कुमार टांक की मूवी से हाथ पीछे खींच लिए। इस तरह से अमिताभ बच्चन और लीना चंदावरकर की मिर्जा गालिब ठंडे बस्ते में चली गई और फिर कभी रिलीज नहीं हो पाई।

### सावन कुमार ने बनाई थी फिल्म बनाने की योजना

साल 1969 में आई निर्देशक ख्वाजा अहमद अब्बास की फिल्म सात हिंदुस्तानी से अमिताभ बच्चन ने बतौर अभिनेता हिंदी सिनेमा में कदम रखा था। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि इससे पहले एक और ऐसी फिल्म बन रही थी, जिससे बिग बी का डेब्यू हो सकता था। इसी साल निर्देशक सावन कुमार टांक ने एक फिल्म बनाने की योजना बनाई थी, जिसका नाम था- मिर्जा गालिब। जी हां, मशहूर शायर रहे मिर्जा गालिब की बायोपिक में अमिताभ बच्चन को लीड एक्टर के तौर पर चुना गया। उनके साथ इस मूवी में अभिनेत्री लीना चंदावरकर को कास्ट किया गया था। सब कुछ सही चल रहा था।

## खबर संक्षेप

### 37 दिन की हड़ताल का वेतन जारी

**हिसार।** नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा की शाखा एवं हरियाणा अग्निशमन विभाग कर्मचारी यूनियन के लंबे संघर्ष का सकारात्मक परिणाम सामने आया है। इसके तहत हिसार के सभी नियमित और पे-रोल कर्मचारियों के 37 दिनों की हड़ताल अवधि का वेतन उनके बैंक खातों में जमा कर दिया गया है। संगठन पदाधिकारियों ने बताया कि इस उपलब्धि का श्रेय राज्य, जिला और इकाई स्तर के पदाधिकारियों, सक्रिय कार्यकर्ताओं तथा सभी कर्मचारी साथियों की एकजुटता और लगातार किए गए संघर्ष को जाता है।

### पीओ घोषित दो युवक किए गए गिरफ्तार

**नारनौंद।** पुलिस ने शराब पीकर झगड़ा करने के मामले में अदालत द्वारा उद्घोषित आरोपी घोषित किए गए दो युवकों को गिरफ्तार किया है। थाना नारनौंद में तैनात मुख्य सिपाही प्रवीण कुमार ने बताया कि वर्ष 2022 में शराब पीकर झगड़ा करने के मामले में आरोपित मुकेश तथा विजेंद्र उर्फ माटू निवासी नारनौंद अदालत में लगातार तारीख पेशी पर उपस्थित नहीं हो रहे थे। न्यायालय द्वारा विधिक प्रक्रिया पूरी करने के बाद दोनों आरोपियों को उद्घोषित अपराधी घोषित किया गया था।

### स्वच्छता नियमों के उल्लंघन पर काटे चालान

**हिसार।** शहर को स्वच्छ, सुंदर बनाए रखने के उद्देश्य से नगर निगम ने स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। निरीक्षण अभियान के दौरान एएसआई राहुल सैनी और एएसआई राहुल पंवार ने मेला ग्राउंड क्षेत्र में एक दुकानदार के द्वारा खुले में कचरा डालने पर 5 हजार रुपये का चालान किया। इसके साथ एएसआई सन्नी ने जिन्दल पुल के नजदीक एक दुकानदार के द्वारा खुले कचरा डालने पर 500 रूपये का चालान किया।

### अतिक्रमण हटवाया किया सामान जब्त

**हिसार।** नगर निगम की टीम ने शुक्रवार को लक्ष्मीबाई चौक से लेकर दिल्ली ओवरब्रिज के पास तक मेन रोड से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। इस दौरान अर्बन एस्टेट के पास मोड से दो-तीन रेहड़ियों से सामान भी जब्त किया गया। इसके बाद टीम ने 12 क्वार्टर में मिली शिकायत पर कार्रवाई करते हुए गलियों में किए गए अतिक्रमण को हटाकर आवागमन को सुचारू किया। इसके साथ टीम ने कैंची चौक से लेकर आनंद निकेतन तक मेन रोड से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की।

### कल मनेगा शहीद मंगल पांडे का जन्म दिवस

**हांसी।** शहीद भगत सिंह संगठन समिति द्वारा क्रांतिकारी शहीद मंगल पांडे का 199वां जन्म दिवस 19 जुलाई को बजरंग आश्रम में श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया जाएगा। यह जानकारी देते हुए समिति के प्रधान ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि समाजसेवी राजेंद्र सोरखी होंगे, जबकि सचिन जैन उनका सहयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम के दौरान रामस्वरूप खट्टर शहीद मंगल पांडे की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करेंगे, जबकि कश्मीरी लाल ग्रोवर ज्योत प्रज्ज्वलित करेंगे।

# वादाखिलाफी के विरोध में मंत्री गंगवा के आवास का आज घेराव

## आईबी मैकेनिकल ब्रांच ने गेट मीटिंग कर राज्य स्तरीय प्रदर्शन की तैयारियों को दिया अंतिम रूप, कहा- सरकार के खिलाफ कर्मचारियों में रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

- कर्मचारियों से अधिक से अधिक संख्या में प्रदर्शन में पहुंचने की अपील

सर्व कर्मचारी संघ से संबंधित हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर यूनियन की आईबी मैकेनिकल ब्रांच, हिसार की ओर से संगठन कार्यालय के बाहर गेट मीटिंग का आयोजन कर 18 जुलाई के राज्य स्तरीय प्रदर्शन की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। बैठक की अध्यक्षता ब्रांच प्रधान विनोद फौजी ने की, जबकि संचालन ब्रांच सचिव विनोद भाटिया ने किया।

बैठक को संबोधित करते हुए ब्रांच प्रधान विनोद फौजी ने कहा कि लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा की वादाखिलाफी के खिलाफ शनिवार को प्रदेशभर से हजारों कर्मचारी उनके आवास की ओर कूच करेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा कर्मचारियों से किए गए वादे पूरे नहीं किए गए हैं, जिससे कर्मचारियों में भारी रोष है।

उन्होंने दावा किया कि राज्यभर से बड़ी संख्या में कर्मचारी प्रदर्शन में शामिल होकर अपनी एकजुटता का परिचय देंगे। जिला सचिव दीपक मेहरा ने कर्मचारियों से अधिक से अधिक संख्या में प्रदर्शन में भाग लेने का आह्वान किया।

बैठक में राज्य के वरिष्ठ उपप्रधान अजय कुमार, जिला उपप्रधान सोनिया, ब्रांच कैशियर सुरेंद्र फौजी, सर्व कर्मचारी संघ के संगठन सचिव करण नैन, राजपाल फौजी, जोगेंद्र फौजी, अजय, सुरेंद्र, नरेंद्र, विकास, रामरतन, संदीप, अमित, रोहतास, अनीता, कुसुम,सुचेता, आशा, रवीना, गुंजन, पूजा, प्रोमिला सरला, ज्योति, दीपिका सहित काफी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे।



हिसार। आईबी मैकेनिकल ब्रांच की गेट मीटिंग को संबोधित करते यूनियन पदाधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### मंत्री के घेराव में हांसी के कर्मचारी भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे : अशोक यादव

**हांसी।** सर्व कर्मचारी संघ से संबद्ध हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर यूनियन ने लंबित मांगों के समाधान की मांग को लेकर 18 जुलाई को लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य मंत्री रणबीर गंगवा के हिसार स्थित कैंप कार्यालय का घेराव एलान किया है। इसकी तैयारियां पूरी कर ली गई है। सिंचाई विभाग हांसी ब्रांच प्रधान अशोक यादव ने बताया कि वर्ष 2025 में मंत्री रणबीर गंगवा के साथ हुई वार्ता में कर्मचारियों की मांगों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया गया था, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई। इससे कर्मचारियों में रोष है। उन्होंने कहा कि सिंचाई विभाग के 7,398 तथा जन स्वास्थ्य एवं पीडब्ल्यूडी विभाग के करीब 13 हजार पद समाप्त करने की योजना कर्मचारियों के हितों के खिलाफ है। यूनियन ने हरियाणा कौशल रोजगार निगम के तहत कार्यरत कर्मचारियों को नियमित करने तथा वर्ष 2018 में भर्ती ग्रुप-डी कर्मचारियों की लंबित पदोन्नति शीघ्र करने की मांग भी दोहराई।

*जिला महामंत्री बिजेन्द्र लोहान ने हरी झंडी दिखाकर बसों को किया रवाना*

# कैप्टन अभिमन्यु के नेतृत्व में नारनौंद से जींद रैली में पहुंचे हजारों कार्यकर्ता

- पीएम ने जींद से देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद

देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को जींद से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रदेश के पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु के नेतृत्व में नारनौंद हलके से हजारों की संख्या में कार्यकर्ता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जींद रैली में पहुंचे। इस अवसर पर जिला महामंत्री बिजेन्द्र लोहान, मार्केट कमेटी चेयरमैन उदय सिंह लोहान, चेयरमैन शमशेर मोर और नगर पालिका चेयरमैन शमशेर कुकन ने वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की रैली को लेकर लोगों में भारी उत्साह है। प्रदेश की धरा जींद से पहली हाइड्रोजन ट्रेन का चलना प्रदेश के लिए बड़ी उपलब्धि है। वहीं प्रदेश को हजारों करोड़ रुपयों की सौंगातें भी प्रधानमंत्री ने दी हैं। देश के प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आज देश उन्नति के पथ के पर चल रहा है। उन्होंने स्वच्छता का संदेश देते हुए कहा कि हर व्यक्ति अपने आसपास स्वच्छता रखेगा तो पूरा देश साफ सुथरा हो जाएगा। इसके लिए भी उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि हर व्यक्ति को इस अभियान में अपनी आहुति अवश्य डालनी चाहिए। रैली को लेकर पिछले काफी दिनों से वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु के दिशा निर्देशानुसार तैयारियां की जा रही थी। हलके से खेड़ी चौपटा, नारनौंद और बास क्षेत्र से सैकड़ों सीएनजी और इलेक्ट्रिकल गाडिय़ों में सवार होकर कार्यकर्ता उत्साह के साथ रैली के लिए रवाना हुए।

इस अवसर पर नारनौंद मंडल प्रधान कर्णपाल पेटवाड़, महाबीर श्योराण, देवेन्द्र बूरा, राजबीर खेड़ी, सोनू सैनी, जिला महिला अध्यक्ष नीलम जांगड़ा, पार्षद संजय खर्ब, सुरेश एमसी, सोनू नरवाल, सुनील बैरागी, नरेश वर्मा, कुलदीप गौतम, दीपक लोहान, अमरजीत लोहान, शमशेर सैनी इत्यादि कार्यकर्ता पहुंचे।




नारनौंद। नारनौंद से रैली में जाते कार्यकर्ता। साथ में जिला महामंत्री बिजेंद्र लोहान।

### चेयरमैन रवि सैनी का रेड स्क्वेयर मार्केट में स्वागत पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**हिसार।** हरियाणा वन विकास निगम के नवनियुक्त चेयरमैन रवि सैनी का रेड स्क्वेयर मार्केट स्थित सैनी एयरकोन शॉप पर व्यापारियों ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। सैनी एयरकोन शॉप के स्वामी सतीश कुमार सैनी के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में रवि सैनी को बुके भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रवि सैनी ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए रेड स्क्वेयर मार्केट परिसर में पीपल का पौधा लगाया। उन्होंने स्वयं पौधे में पानी डालकर उसके संरक्षण का संकल्प लिया तथा पौधे की सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड भी स्थापित कराया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित व्यापारियों ने रवि सैनी के इस पर्यावरणीय प्रयास की सराहना की। समारोह में प्रमुख रूप से निर्मल शर्मा, पूर्व डिप्टी मेयर अनिल मानी, कृष्ण खटाना, रमेश घोड़ेला, अनिल बिश्नोई, सुशील सैनी, कृष्ण गोयल, रामचंद्र, सुनील कुमार सहित रेड स्क्वेयर मार्केट के अनेक दुकानदार एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# 'स्वच्छता से स्वागत' अभियान के तहत दो जीवीपी प्वाइंट खत्म कर किया सौंदर्यीकरण







हिसार। सरकार के निर्देशानुसार प्रदेशभर में 19 जुलाई तक 'स्वच्छता से स्वागत' अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत शुक्रवार को नगर निगम द्वारा दो जीवीपी प्वाइंटों को खत्म कर सौन्दर्यीकरण का कार्य किया गया। बरवाला चुंगी ओवरब्रिज और पटेल नगर सब्जी मण्डी के पास बने जीवीपी प्वॉइंट को समाप्त करके उस स्थान का सौन्दर्यीकरण करने के लिए बेंच, गमलें रखवाएं गए। 'स्वच्छता से स्वागत' अभियान के दौरान समाप्त किए गए जीवीपी प्वाइंट की नियमित निगरानी की जाएंगी। अगर इन स्थानों पर या खुले में कोई व्यक्ति कचरा डालता या फेंकता पाया गया तो उसके खिलाफ नियमानुसार जुर्माना लगाया जाएगा। साथ ही नागरिकों से अपील की गई है कि शहरवासी कचरा डोर-टू-डोर के वाहनों में ही डालें। नगर निगम का कहना है कि शहर साफ-सुथरा बनाने में नागरिकों की भूमिका भी अहम होती है। इस दौरान जेई कुलदीप, सीटीएल प्रदीप जाखड़, तकनीकी एक्सपर्ट जसबीर कुण्डू, हरिराम गुर्जर, राहुल सैनी, राहुल पंवार, प्रवीण एएसआई सहित कर्मचारी मौजूद रहे।

# एनसीसी संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में उत्कृष्ट कैडेट हुए सम्मानित



हिसार। शिविर के समापन अवसर पर उपस्थित एनसीसी अधिकारी व कैडेट्स। फोटो : हरिभूमि

**हिसार।** प्रथम हरियाणा आर एंड वी स्क्वाड्रन एनसीसी की ओर से लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास), में आयोजित 10 दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविरका शुक्रवार को समापन हो गया। समापन समारोह में सैन्य प्रशिक्षण, खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कैडेटों को पदक और प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। शिविर के दौरान आयोजित व्यक्तिगत एवं टीम स्पर्धाओं, खेल प्रतियोगिताओं और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बेहतर प्रदर्शन करने वाले कैडेटों को कुल 70 पदक तथा 145 उत्कृष्टता प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। सम्मान पाकर कैडेटों के चेहरे खुशी से खिल उठे। उन्होंने शिविर के दौरान प्राप्त प्रशिक्षण, अनुशासन और यादगार अनुभवों को साझा करते हुए इसे अपने जीवन का महत्वपूर्ण पड़ाव बताया। समारोह को संबोधित करते हुए कमांडिंग ऑफिसर कर्नल विनीत बुटोला ने सभी कैडेटों को सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूरा करने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि एनसीसी शिविर का उद्देश्य केवल सैन्य प्रशिक्षण देना नहीं, बल्कि युवाओं में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, आत्मविश्वास, टीम भावना और राष्ट्र सेवा के प्रति समर्पण की भावना विकसित करना भी है।

## गुराना में पौधरोपण अभियान का शुभारंभ



**नारनौंद।** पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के निर्माण के संकल्प के साथ राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक विद्यालय गुराना में शुक्रवार को पौधरोपण अभियान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ एबीआरसी प्रदीप सिंह, ग्राम सचिव मोनू, सुपरवाइज़र विजय सिंह तथा विद्यालय के मुख्य अध्यापक राजेन्द्र जांगड़ा ने विद्यालय परिसर में पौधे रोपकर किया। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त स्टाफ सदस्यों एवं विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ भाग लिया। स्कूल के मुख्य अध्यापक राजेन्द्र जांगड़ा ने कहां कि विद्यालय शिक्षा के साथ–साथ सामाजिक एवं पर्यावरणीय मूल्यों के विकास के लिए भी निरंतर कार्य कर रहा है। कार्यक्रम के आखिर में सभी अधिकारियों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने अधिक से अधिक पौधे लगाने, उनका संरक्षण करने तथा पर्यावरण संरक्षण का संदेश जन–जन तक पहुंचाने का सामूहिक संकल्प लिया।

### कार्यों को तय समय सीमा में पूर्ण करें

**बरवाला।** खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय, बरवाला में शुक्रवार को खंड शिक्षा अधिकारी जिले सिंह की अध्यक्षता में ब्लॉक प्रोग्राम इम्प्लीमेंटेशन यूनिट की बैठक हुई। इसमें खंड बरवाला के सीआरसी, एबीआरसी एवं बीआरपी ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस बैठक में ब्लॉक एफएलएन कोऑर्डिनेटर मनोज रंगा ने विभिन्न शैक्षणिक एवं प्रशासनिक विषयों पर विस्तार से चर्चा करते हुए विभागीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर बल दिया। खंड शिक्षा अधिकारी जिले सिंह ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि सभी विभागीय योजनाओं एवं कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए।

# मकान निर्माण में बिजली निगम की लापरवाही रोड़ा

- 11 महीनों से सरकारी कार्यालयों के चक्कर काटने को मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद

शहर की सालासर कॉलोनी में एक युवक ने मकान बनाने के लिए नींव भरी हुई थी कि बिजली निगम के उसके प्लाट के बीचों-बीच बिजली की लाइन खींच दी। बिजली निगम की इस कथित लापरवाही के कारण पीड़ित युवक के मकान का निर्माण कार्य अधर में ही लटका हुआ है। पीड़ित युवक पिछले 11 महीनों से बिजली निगम सहित सरकारी कार्यालयों चक्कर काटने पर मजबूर हो रहा है और उसकी समस्या का आज तक भी कोई समाधान नहीं हुआ है।

पीड़ित युवक ने चेतावनी दी कि अगर जल्द ही उसकी समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वो कोई बड़ा कदम उठाने के लिए मजबूर होगा। गांव भैणी अमीरपुर निवासी कर्मबीर ने नारनौंद शहर की सालासर कॉलोनी में काफी साल पहले एक प्लाट खरीदा था और वहां पर मकान बनाने के लिए नींव भी भर दी थी। एक साल पहले बिजली निगम के अधिकारियों ने लापरवाही बरतते हुए उसके प्लाट के बीचों बीच बिजली की लाइन खींच दी। जब उसने इसका विरोध किया तो कहा गया कि कुछ समय बाद इसको हटा दिया जाएगा। लेकिन वह पिछले 11 महीनों से बिजली निगम के उच्च अधिकारियों के दरवाजे पर दस्तक दे चुका है। वह सीएम विंडो और समाधान शिविर में भी शिकायत कर चुका है। लेकिन आज तक उसकी समस्या का समाधान नहीं हुआ। उधर बिजली निगम के अधिकारियों से जवाब मिलता है कि लाइन शिफ्टिंग करवाने का सारा खर्च पीड़ित को बिजली निगम में जमा करवाना होगा। उसके बाद ही आगे की कारवाई की जाएगी। पीड़ित कर्मबीर ने बताया कि वह इस खर्च को भरने में असमर्थ है और इसमें उसकी कोई गलती नहीं है। बल्कि बिजली निगम की गलती का खामियाजना वह क्यों भुगतें।



नारनौंद। बिजली निगम ने प्लाट के बीचोबीच खींची हुई लाइन।

### एचकेएसडी स्कूल में गणित व विज्ञान प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा



**हिसार।** नागोरी गेट स्थित एचकेएसडी गर्ल्स सीनियर सैकेंडरी स्कूल में इंटर हाउस गणित व विज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें विद्यालय के चारों सदनों के विद्यार्थियों ने बढ़-चढक़र भाग लिया। विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में गांधी सदन प्रथम व लक्ष्मीबाई सदन द्वितीय रहा। गणित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में विवेकानंद सदन ने प्रथम व कबीर सदन ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। स्कूल की प्राचार्या रेनु मल्होत्रा ने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि भविष्य में भी समय-समय पर ऐसी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।

### जैन गर्ल्स स्कूल में लगा नेत्र जांच शिविर

**हिसार।** जैन गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल, नागोरी गेट में शुक्रवार को तेरापंथ प्रोफेशनल फोरम, हिसार द्वारा मिशन दृष्टि के अंतर्गत मेगा आई चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। यह शिविर सेंटर फॉर साइट के सहयोग से आयोजित किया गया अन्य सहभागी संस्था तेरापंथ सभा, युवक परिषद,महिला मंडल, अणुव्रत समिति हिसार रहे। शिविर में छठी से बारहवीं तक के सभी विद्यार्थियों, शिक्षिकाओं एवं अन्य लाभार्थियों की नेत्र जांच विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा जांच की गई। जिन विद्यार्थियों में दृष्टि संबंधी समस्या पाई गई, उन्हें उचित परामर्श एवं आवश्यक उपचार के लिए मार्गदर्शन दिया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंधन समिति एवं स्कूल की प्रधानाचार्या हेमा चावला ने आयोजकों एवं चिकित्सकों का आभार व्यक्त किया।

**नमन** | संघ के कठिन दौर में विचारधारा को आगे बढ़ाने में निभाई अहम भूमिका

# कैलाश विजयवर्गीय ने दी गोयनका को श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

मध्य प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय शुक्रवार को हिसार पहुंचे और गोयनका सदन पहुंचकर प्रख्यात समाजसेवी स्वर्गीय नंदकिशोर गोयनका को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान उन्होंने पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ. सुभाष चंद्रा एवं उनके परिवार से मुलाकात कर शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं। भाजपा की प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने भी गोभक्त नंद किशोर गोयनका के निधन पर शोक जताया। पत्रकारों से बातचीत में कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि उन्हें कई बार स्वर्गीय नंदकिशोर गोयनका का आशीर्वाद प्राप्त हुआ। उनका उनके साथ विशेष स्नेह था। उन्होंने कहा कि वर्ष 1960 के दशक में जब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का नाम लेने से भी लोग डरते थे, उस समय नंदकिशोर गोयनका ने शाखा प्रारंभ कर संघ की विचारधारा को आगे बढ़ाने का कार्य किया। वे महान समाजसेवी थे और अपना पूरा जीवन समाज सेवा एवं गौ सेवा के लिए समर्पित कर दिया।

इस अवसर पर हिसार की विधायक सावित्री जिंदल ने भी गोयनका सदन पहुंचकर स्वर्गीय नंदकिशोर गोयनका को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि नंदकिशोर गोयनका ने अपना पूरा जीवन समाज सेवा और गौ सेवा को समर्पित किया। श्रद्धांजलि देने वालों में इस अवसर पर जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़, मेयर प्रवीन पोपली, चेयरमैन रवि सैनी, पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल, पूर्व मंत्री अनूप धानक, पूर्व मेयर शकुंतला राजलीवाला, कांग्रेस नेता धर्मवीर गोयत, पूर्व विधायक रामनिवास घोड़ेला, पूर्व विधायक प्रहलाद गिल्लाखेड़ा, जगदीश गोदारा, अनिल सिंगला, निरंजन गर्ग, अंजनी खारिया, पवन गर्ग, सत्यपाल अग्रवाल, मांगेराम रावलवासिया, अजय गोयल तथा बजरंग असरावा सहित अनेक सामाजिक एवं राजनीतिक हस्तियां मौजूद रहीं।





हिसार। पूर्व राज्यसभा सांसद डॉ. सुभाष चंद्रा से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त करते मध्य प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय व स्व. नंद किशोर गोयनका के चित्र पर पुष्प अर्पित करतीं प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता।

**खबर संक्षेप**

## नृसिंह रामलीला सभा की बैठक कल

**हिसार।** श्रीनृसिंह प्रह्लाद रामलीला दशहरा सभा, मुलतानी चौक की जनरल बॉडी की बैठक 19 जुलाई को प्रातः 10 बजे सभा के प्रधान सुरेश कक्कड़ की अध्यक्षता में भारती धर्मशाला, हरि नगर में होगी। रामलीला सभा के महासचिव ओमप्रकाश असीजा व कोषाध्यक्ष भीमसैन नारंग ने बताया कि बैठक में रामलीला सभा द्वारा किए जाने वाले रामलीला का मंचन, राम बारात, दशहरा महोत्सव धूमधाम से मनाने तथा कुछ अन्य विषयों पर विचार विमर्श किया जाएगा।

## भंडारे में मदद देने वाले सदस्य किए आमंत्रित

**हिसार।** श्रीश्याम खाटू भंडारा समिति ट्रस्ट की ओर से महीने के अंतिम रविवार को भंडारा लगाया जाता है। इस रविवार को भंडारा के 2 साल पूरे होने जा रहे हैं। इसी उपलक्ष्य में ट्रस्ट की ओर से भंडारा में सहयोग करने वाले सदस्यों को आमंत्रित किया हैं। वहीं, ट्रस्ट ने फैसला लिया है कि इस बार भंडारे में कुछ अलग डिश बनाई जाएगी। ट्रस्ट के संरक्षक राधेश्याम आर्य ने बताया कि श्रीश्याम खाटू भंडारा समिति ट्रस्ट की ओर से टेलीफोन एक्सचेंज के सामने ठंडी कुई के पास भंडारा लगाया जाता है।

## प्रभु की पगडंडियां विषय पर ध्यान सत्र कल

**हिसार।** ओशो ध्यान उपवन में 19 जुलाई को प्रातः 9.30 बजे से दोपहर 12 बजे तक ध्यान सत्र का आयोजन किया जाएगा। प्रभु की पगडंडियां विषय पर आधारित इस ध्यान सत्र में विभिन्न क्षेत्रों से साधक हिस्सा लेंगे। ध्यान सत्र के आयोजक स्वामी संजय व मां सांची ने बताया कि इस ध्यान सत्र में साधकों को प्रभु की अनुकंपा को समझने का भी अवसर मिलेगा। इसके साथ ही साधकों को ध्यान विधियों की जानकारी प्रदान करते हुए उनका अभ्यास भी करवाया जाएगा।

## स्वच्छ भारत अभियान के तहत चलाया सफाई अभियान

**हिसार।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत मिशन और हरियाणा सरकार की स्वच्छता मुहिम को आगे बढ़ाते हुए वार्ड नंबर-13 के पार्षद संजय डालमिया ने अर्बन एस्टेट-2 क्षेत्र में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया। अभियान की शुरुआत उन्होंने स्वयं झाड़ू लगाकर की और क्षेत्रवासियों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। इस दौरान वीरेंद्र गुप्ता, संजय मित्तल, महेंद्र गर्ग, वीके गर्ग, दिनेश बिश्नोई, संजय, विनोद गोयल सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी मौजूद रहे।

## साइबर ठगी के शिकार को 17 हजार वापस दिलाए

**हिसार।** पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करत साइबर ठगी के शिकार को 17 हजार रुपये वापस दिलावाए हैं। साइबर हेल्प डेस्क, उकलाना की टीम ने यह कार्रवाई की है। उकलाना थाना प्रभारी पीएसआई कुलदीप के अनुसार, पीड़ित ने ऑनलाइन ठगी की शिकायत दर्ज कराई थी। इस पर साइबर हेल्प डेस्क की टीम ने संबंधित बैंक और राष्ट्रीय साइबर पोर्टल के माध्यम से तुरंत राशि को होल्ड कराने की प्रक्रिया शुरू की।

### होनहारों ने परिवार के साथ राष्ट्रीय स्तर पर किया जिले का नाम रोशन

# नीट में लक्षिता ने हासिल की 181वीं रैंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



शहर की होनहार छात्रा लक्षिता मित्तल ने देश की प्रतिष्ठित मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट यूजी 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए ऑल इंडिया 181वीं रैंक हासिल की है। इस उपलब्धि के साथ उन्होंने न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे हिसार जिले का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। लाहौरिया चौक स्थित मित्तल नगर निवासी लक्षिता मित्तल ने परीक्षा में कुल 720 में से 685 अंक प्राप्त किए हैं। उनकी इस सफलता ने क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए एक नई प्रेरणा प्रस्तुत की है। अपनी सफलता पर लक्षिता ने बताया कि नियमित अध्ययन, अनुशासन और परिवार के सहयोग ने उन्हें यह मुकाम हासिल करने में मदद की। उनकी इस उपलब्धि पर उनके पिता प्रवीन कुमार मित्तल और मां सुमन मित्तल ने बेटी का मुंह मीठा करवाकर खुशी जाहिर की।



### मिठाई खिला जाहिर की खुशी

लक्षिता के माता-पिता ने अपनी लाडली बेटी का मुंह मीठा करवाकर खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि लक्षिता ने हमेशा पढ़ाई के प्रति गंभीरता दिखाई है और आज उसकी मेहनत रंग लाई है। वहीं, लक्षिता के चाचा एवं फतेहाबाद जिला न्यायवादी देवेंद्र मित्तल ने भी इस सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी और भविष्य में एक सफल चिकित्सक बनने की शुभकामनाएं दीं।

### समाचार वितरक के पुत्र कुनाल ने नीट में प्राप्त की 3454वीं रैंक



**हिसार।** मन में कुछ करने का जज्बा हो तो कामयाबी खुद ब खुद चलकर आती है। ऐसा ही कर दिखाया है समाचार पत्र वितरक पवन मित्तल के पुत्र कुनाल मित्तल ने। पवन मित्तल पिछले 30 वर्षों से समाचार वितरक का कार्य कर अपने परिवार का गुजर-बसर कर रहे हैं। गत दिवस आये नीट परीक्षा के परिणाम में पवन मित्तल के पुत्र कुनाल ने अपनी मेहनत के बलबूते पर आल इंडिया रेंकिंग में 3454वां रेंक व कैटेगरी रेंक में 319वां स्थान पाया है। परीक्षा में 20 लाख छात्रों ने भाग लिया। होनहार बेटे की काबलियत से पूरा परिवार खुश है। अब कुनाल मित्तल देश के टॉप कालेज में दाखिला लेकर एमबीबीएस की पढ़ाई करेगा और डॉक्टर बनकर अपना व परिवार का नाम रोशन करते हुए समाज की सेवा करेगा। कुनाल ने अपनी इस कामयाबी पर कहा कि उसने हर रोज 14 से 15 घंटे पढ़ाई की व मोबाइल से दूरी बनाए रखी। कहीं आना-जाना भी बहुत कम कर रखा था। बस टारगेट यही था कि कड़ी परिश्रम करके नीट की परीक्षा पास करनी है। यहां उल्लेखनीय है कि समाचार वितरक का काम करते हुए पवन मित्तल व धर्मपत्नी शिल्पा ने अपने दो बेटों व एक बेटी को इस कद्र काबिल किया कि बेटी रिम्पी आज पंजाब नेशनल बैंक में एग्रीकल्चर ऑफिसर के पद पर कार्यरत है। दामाद अंशुल बंसल भी कैनरा बैंक में अस्सिटेंट मैनेजर के रुप में सेवाएं दे रहे हैं। एक बेटा अब डॉक्टरी करेगा तो दूसरा बेटा साहिल मित्तल नोएडा से अंतिम वर्ष की कम्प्यूटर इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहा है। बच्चों की कामयाबी पर खुश होकर आस-पड़ौस के अलावा रिश्तेदार व मित्रगण बधाई दे रहे हैं।



### भावदीप सिंह मान बने आकाश हिसार के टॉपर, ऑल इंडिया हासिल की 270वीं रैंक

**हिसार।** नीट यूजी 2026 परीक्षा के नतीजों में आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के छात्रों ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी सफलता का परचम लहराया है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा घोषित इन परिणामों में हिसार ब्रांच के होनहार छात्र भावदीप सिंह मान ने 720 में से 680 अंक प्राप्त कर अखिल भारतीय स्तर पर 270वीं रैंक हासिल की है और इसके साथ ही वे हिसार ब्रांच के टॉपर बने हैं। छात्रों की इस शानदार उपलब्धि पर आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के क्षेत्रीय निदेशक विकास फुटेला ने भावदीप सिंह मान को हिसार ब्रांच का टॉपर बनने पर बधाई दी। भावदीप के अलावा हिसार ब्रांच से उदित जैन ने 660 अंकों के साथ 882वीं रैंक, अनु ने 641 अंकों के साथ 2193वीं रैंक, अक्षत गोयल ने 635 अंकों के साथ 2904वीं रैंक, अनचित ने 632 अंकों के साथ 3186वीं रैंक, कुणाल ने 630 अंकों के साथ 3454वीं रैंक, अवंतिका ने 629 अंकों के साथ 3618वीं रैंक और युविका शर्मा ने 629 अंकों के साथ 3626वीं रैंक प्राप्त की है, जबकि दो अन्य छात्र भी ऑल इंडिया रैंक 5000 के भीतर अपनी जगह बनाने में सफल रहे हैं।

## नीट में आरपीएस पब्लिक स्कूल का शानदार प्रदर्शन



**हांसी।** राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) में आरपीएस पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विद्यार्थियों की इस सफलता से विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल है। विद्यालय के छात्र अमन ने श्रेणी रैंक 29, आर्यन ने 48, राहुल ने 206, ईशा ने 1367, अंतिम ने 5014 तथा महक पानू ने 7103 श्रेणी रैंक प्राप्त कर उल्लेखनीय सफलता हासिल की। विद्यालय की प्राचार्या एकता सचदेवा ने सभी सफल विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों और शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन और अभिभावकों के निरंतर सहयोग का परिणाम है। उन्होंने कहा कि अनुशासन, परिश्रम और दृढ़ संकल्प के बल पर हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। विद्यालय निदेशक डॉ. संदीप देशवाल ने भी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आरपीएस पब्लिक स्कूल बोर्ड परीक्षाओं के साथ-साथ नीट, जेईई, एनडीए सहित विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की गुणवत्तापूर्ण तैयारी के लिए भी अपनी अलग पहचान बना चुका है।



## बढ़ती महंगाई व बेरोजगारी को दूर करने के लिए कदम नहीं उठा रही सरकार : चंद्रप्रकाश

**हिसार।** आदमपुर से विधायक चंद्रप्रकाश ने आदमपुर व बालसमंद में जनता दरबार लगाकर हलकावासियों से मुलाकात करके उनका कुशलक्षेम जाना। इस दौरान लोगों ने विधायक के समक्ष विभिन्न समस्याएं भी रखी। आदमपुर के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस व बालसमंद की गोयल धर्मशाला में आयोजित जनता दरबार में लोगों ने बिजली व पानी की समुचित आपूर्ति न होने की समस्या प्रमुखता से उठाई और सड़कों का निर्माण न होने से उत्पन्न हो रही परेशानी को भी स्पष्ट किया। चंद्रप्रकाश ने संबंधित विभागों के अधिकारियों से फोन पर बात करके समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए। चंद्रप्रकाश ने आदमपुर गांव के स्टेडियम का निरीक्षण करके वहां की व्यवस्थाओं का अवलोकन भी किया और यहां व्याप्त समस्याओं के त्वरित निदान के निर्देश दिए। इस दौरान हलकावासियों से संवाद साधते हुए विधायक चंद्रप्रकाश ने कहा कि आदमपुर हलके की समस्याओं के समाधान के लिए एवं समुचित सुविधाओं के लिए वे विधानसभा के विभिन्न सत्रों में जनता के हक की आवाज बुलंद कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि लगातार महंगाई व बेरोजगारी बढ़ रही है लेकिन इस दिशा में सरकार कोई प्रभावी कदम नहीं उठा रही है। चंद्रप्रकाश ने कहा कि किसान समुचित बिजली व पानी आपूर्ति के लिए तरस रहे हैं।

**विधायक चंद्रप्रकाश ने लगाया जनता दरबार, आदमपुर गांव के स्टेडियम का किया निरीक्षण**

## मशीनों पर अनुदान के लिए 3 तक करें ऑनलाइन आवेदन : डीसी

**हिसार।** फसल अवशेष प्रबंधन एवं फसल अवशेष जलाने की समस्या से निपटने के लिए कृषि तथा किसान कल्याण विभाग द्वारा आर.के.वी.वाई. योजना के तहत हैप्पी सीडर, जीरो ड्रिल, सुपर सीडर, स्ट्रॉ-बेलर और रोटरी स्लैशर जैसी मशीनों पर 50 प्रतिशत अनुदान दिया जा रहा है। उपायुक्त महेंद्र पाल ने बताया कि इस संबंध में विभाग द्वारा किसानों से ऑनलाइन आवेदन मांगे गए हैं। इच्छुक किसान 3 अगस्त तक विभाग की वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। उपायुक्त ने बताया कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य पराली प्रबंधन को बढ़ावा देना और खेतों में मिट्टी की उर्वरता बनाए रखना है। अनुदान का लाभ लेने के लिए किसान का वर्ष 2025-26 में खरीफ और रबी दोनों सीजन में मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण होना अनिवार्य है।




## बरसाती पानी की निकासी व मूलभूत सुविधाओं की मांग

**हांसी।** शहर की मूलभूत समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर समस्त व्यापारी भाईचारा समिति का शहीद भगतसिंह व मदनलाल ढींगरा पार्क में चल रहा धरना शुक्रवार को 15वें दिन भी जारी रहा। धरना स्थल पर प्रदर्शनकारियों ने नगर की सफाई व्यवस्था, जल निकासी और सीवरेज व्यवस्था में सुधार की मांग दोहराते हुए प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई करने की अपील की। धरनारत लोगों का कहना है कि हांसी शहर में जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण बरसात के दिनों में कई क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति बन जाती है। इसके अलावा सीवरेज की नियमित सफाई नहीं होने से आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रदर्शनकारियों ने अपनी प्रमुख मांगों में पूरे शहर की सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने, सीवरेज की नियमित सफाई सुनिश्चित करने, शहर में हुए अतिक्रमण को हटाने तथा भारी वाहनों के शहर में प्रवेश पर प्रभावी रोक लगाने की मांग रखी। धरना स्थल पर मौजूद सन्नी इलावादी ने कहा कि जब तक प्रशासन द्वारा उनकी मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं होती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

## गुजवि की शोधार्थी सुनिधि को अमेरिका की यूनिवर्सिटी में मिला शोध का अवसर

- छात्रा सुनिधि को मिलेगी सात हजार अमेरिकी डॉलर की फेलोशिप
- 'कंप्यूटेशनल इन्वेस्टिगेशन ऑफ ऑप्टिकल प्रोपर्टीज ऑफ ग्रेफीन-बेस्ड फ्लेक्स' पर करेंगी शोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के भौतिकी विभाग की शोधार्थी सुनिधि ने विश्वविद्यालय का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। उनका चयन अमेरिका की प्रतिष्ठित मिशिगन टेक्नोलॉजिकल यूनिवर्सिटी में पांच माह के शोध कार्य के लिए हुआ है। इस शोध प्रवास के दौरान उन्हें विश्वविद्यालय की ओर से सात हजार अमेरिकी डॉलर की फेलोशिप भी प्रदान की जाएगी। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने इस उपलब्धि पर सुनिधि, उनके शोध निर्देशक तथा भौतिकी विभाग को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि न केवल सुनिधि के शैक्षणिक जीवन का महत्वपूर्ण पड़ाव है, बल्कि गुजविप्रौवि के लिए भी अत्यंत गर्व का विषय है। कुलपति ने कहा कि ऐसे अंतरराष्ट्रीय शोध अवसर विश्वविद्यालय के वैश्विक शोध सहयोग, अकादमिक प्रतिष्ठा तथा अंतर्राष्ट्रीय रैंकिंग को नई गति प्रदान करेंगे। साथ ही यह उपलब्धि अन्य शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों को भी उच्च गुणवत्ता वाले अनुसंधान के लिए प्रेरित करेगी। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. विजय कुमार व भौतिकी विभाग के अध्यक्ष प्रो. राजेंद्र कुंडू ने सुनिधि को बधाई दी। इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए भौतिकी विभाग के सह-प्राध्यापक एवं पीएचडी पर्यवेक्षक डॉ. हरदेव सैनी ने बताया कि सुनिधि वहां 'कंप्यूटेशनल इन्वेस्टिगेशन ऑफ ऑप्टिकल प्रोपर्टीज ऑफ ग्रेफीन-बेस्ड फ्लेक्स' विषय पर शोध करेंगी।

# हिसार में इग्नू का नया अध्ययन केंद्र स्थापित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

हिसार और आसपास के क्षेत्रों के विद्यार्थियों के लिए उच्च व दूरस्थ शिक्षा की राह अब और आसान होने जा रही है। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) नई दिल्ली ने बालसमंद रोड स्थित सिटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में अपना नया अध्ययन केंद्र स्थापित करने की औपचारिक स्वीकृति प्रदान कर दी है। यह नया अध्ययन केंद्र इग्नू के क्षेत्रीय केंद्र, करनाल के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत काम करेगा। इस बड़ी उपलब्धि पर कॉलेज प्रबंधन, प्राचार्य, संकाय सदस्यों और स्थानीय विद्यार्थियों ने खुशी जाहिर की है। घर के नजदीक अध्ययन केंद्र खुलने से विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों, नौकरीपेशा लोग, गृहिणियां व अन्य शिक्षार्थियों को सबसे ज्यादा फायदा मिलेगा।

**सिटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन को मिली बड़ी उपलब्धि**



**हिसार।** सिटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन का दौरा करते इग्नू करनाल के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. धर्मपाल। फोटो : हरिभूमि

### क्यों खास है इग्नू

इग्नू देश-दुनिया में अपनी अनूठी और लचीली शिक्षा प्रणाली के लिए जाना जाता है। यह विश्व का सबसे बड़ा मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षा विश्वविद्यालय है, जो यूजीसी और भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त है। बहुत ही किफायती शुल्क में विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा और प्रिंटेड व डिजिटल स्टडी मटेरियल की सुविधा मिलती है। ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से पढ़ाई, डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म (ई-ज्ञानकोष) और अनुभवी शिक्षकों द्वारा काउंसलिंग, कौशल विकास पर आधारित अनेक सर्टिफिकेट, डिप्लोमा, स्नातक और स्नातकोत्तर कार्यक्रम करवाए जाते हैं।

**किफायती शुल्क में उच्च शिक्षा और प्रिंटेड व डिजिटल स्टडी मटेरियल की सुविधा**

### सिटी कॉलेज में मिलेंगी ये सुविधाएं

सिटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में स्थापित इस केंद्र पर वर्तमान में बीए सहित इग्नू के कई अन्य अनुमोदित कार्यक्रमों में प्रवेश की सुविधा मिलेगी। शिक्षार्थियों की सहायता के लिए कॉलेज में एक समृद्ध और आधुनिक पुस्तकालय, पढ़ाई के अनुकूल शांत वातावरण, सप्ताह के सातों दिन हर तरह का शैक्षणिक सहयोग और मार्गदर्शन उपलब्ध रहेगा।

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति के उद्देश्यों को मिलेगी मजबूती

कॉलेज के नवनियुक्त इग्नू अध्ययन केंद्र समन्वयक सहायक प्रोफेसर रवि कुमार ने बताया कि यह केंद्र क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए नए अवसर खोलेगा और राष्ट्रीय शिक्षा नीति के सपनों को धरातल पर उतारेगा। उन्होंने विद्यार्थियों और अभिभावकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इग्नू के इन रोजगारोन्मुख कार्यक्रमों से जुड़कर इसका लाभ उठाएं।

## प्रदर्शन करके एसपी को सौंपा डीजीपी के नाम ज्ञापन

**हिसार।** भीम आर्मी हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष कमल कुमार बराड़ा को अंबाला पुलिस द्वारा कथित रूप से नजरबंद किए जाने के विरोध में संगठन ने हिसार में रोष जताया गया। भीम आर्मी के प्रदेश महासचिव संतलाल अंबेडकर के नेतृत्व में अधिवक्ताओं एवं पदाधिकारियों के प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर पुलिस महानिदेशक के नाम ज्ञापन सौंपा और बराड़ा की तत्काल रिहाई की मांग की। इस मौके पर इस दौरान एडवोकेट संतलाल अंबेडकर, एडवोकेट सुरेंद्र इंदल, दिनेश मेहरा, एडवोकेट संजय बैनीवाल, एडवोकेट संदीप पातलान, एडवोकेट अनिल लांगयान, एडवोकेट कुणाल, राज जनागल, एडवोकेट सूरज यादव, एडवोकेट नवीन चोपड़ा, एडवोकेट कांटीवाल सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## हकृवि में प्रवेश परीक्षा कल, तैयारियां पूरी द्वितीय चरण में विद्यार्थी 8 केंद्रों पर देंगे परीक्षा

**हिसार।** हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के बीएफएससी चार वर्षीय कोर्स, बीएससी एग्रीकल्चर 2+4 वर्षीय कोर्स, बीएससी कम्युनिटी साइंस चार वर्षीय कोर्स, एमएससी एग्रीकल्चर, एमएससी कम्युनिटी साइंस, एमएफएससी व एमटेक के लिए 19 जुलाई को आयोजित की जाने वाली प्रवेश परीक्षा की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। उपरोक्त पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए 4188 उम्मीदवारों ने आवेदन किए हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने बताया कि इस परीक्षा के लिए विश्वविद्यालय सहित हिसार शहर में आठ परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं ताकि उम्मीदवारों को किसी असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने बताया कि परीक्षा संबंधी सभी तैयारियों को अंतिम रूप देते हुए परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षार्थियों के लिए बैठने से संबंधित अन्य समुचित व्यवस्था भी कर ली गई है। कुलसचिव डॉ. पवन कुमार ने बताया कि उम्मीदवारों को अपना एडमिट कार्ड डाऊनलोड करके स्वयं सत्यापित फोटो लगानी होगी। बिना एडमिट कार्ड के वे परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं पा सकेंगे। परीक्षा नियंत्रक डॉ. सुरेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि सफलतापूर्वक परीक्षा के लिए परीक्षा केन्द्रों पर पुख्ता प्रबंध किए हैं। इसके लिए विशेष निरीक्षण दलों का गठन किया गया है। प्रत्येक उम्मीदवार की फोटोग्राफी भी की जाएगी। उन्होंने बताया कि उम्मीदवारों को परीक्षा केन्द्र में मोबाइल फोन, कैलकुलेटर व इलैक्ट्रोनिक डायरी जैसे उपकरण लेकर जाने की अनुमति नहीं होगी। इन उपकरणों को उन्हें परीक्षा केन्द्र के बाहर छोडना होगा जिनकी सुरक्षा की जिम्मेवारी उम्मीदवारों की ही होगी।




## क्रेडिट कार्ड लिमिट बढ़ाने का झांसा दे 49 हजार रुपये की ठगी, आरोपी दबोचा

हिसार। साइबर क्राइम थाना पुलिस ने बैंक अधिकारी बनकर क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने का झांसा देकर ऑनलाइन ठगी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। एएसपी मयंक मुदगिल ने बताया कि इस संबंध में 22 जून को सातरोड़ खुर्द निवासी एवं पुष्पा कॉम्प्लेक्स में मोबाइल पॉइंट नाम से दुकान चलाने वाले अनिल ने शिकायत दी थी कि एक व्यक्ति ने स्वयं को बैंक अधिकारी बताते हुए क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने का झांसा दिया और विश्वास में लेकर उनसे ओटीपी प्राप्त कर लिया।ओटीपी हासिल करने के बाद आरोपी ने पीड़ित के बैंक खाते से 49 हजार 440 की ऑनलाइन धोखाधड़ी कर ली। शिकायत मिलने पर थाना साइबर क्राइम में मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान सहायक उप निरीक्षक राजा राम ने तकनीकी साक्ष्यों और अन्य तथ्यों के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपी दिल्ली के शाहदरा निवासी विक्की को गिरफ्तार कर लिया।

**हरिभूमि**
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

**उपलब्धि** जेएसएल ने हाइड्रोजन ट्रेन के लिए की 40 फीसदी स्टेनलेस स्टील की आपूर्ति

# देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन में धड़केगा हिसार का स्टील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

भारत में मजबूत, स्वच्छ और भविष्य-उन्मुख परिवहन व्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए देश की अग्रणी स्टेनलेस स्टील निर्माता कंपनी जिंदल स्टेनलेस ने हाइड्रोजन से चलने वाली देश की पहली ट्रेन के लिए कुल स्टेनलेस स्टील का लगभग 40 प्रतिशत हिस्सा उपलब्ध कराया है। जिंदल स्टेनलेस के जाजपुर और हिसार संयंत्रों से विशेष रूप से आपूर्ति किए गए प्रीमियम ऑस्टेनिटिक स्टेनलेस स्टील ग्रेड एक्स5सीआरएनआई1810 का इस्तेमाल इस हाइड्रोजन ट्रेन के निर्माण में किया गया है। हाइड्रोजन प्रणोदन प्रणाली से लैस यह ट्रेन पर्यावरण अनुकूल परिवहन साधन




अपनाने की भारतीय रेलवे की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जंग से बचाव, अधिक सुरक्षा, ज्यादा मजबूती, कम वजन, आग और टक्कर का बेहतर सामना करने की क्षमता, दीर्घकालिक इस्तेमाल और पुनर्चक्रण की सुविधा जैसे गुणों के कारण आधुनिक रेल डिब्बों के लिए स्टेनलेस स्टील सबसे पसंदीदा सामग्री बन गया है। इसके हल्के वजन से ऊर्जा दक्षता भी बढ़ती है, जिससे यह हाइड्रोजन से चलने वाली ट्रेनों जैसे नए परिवहन साधनों के लिए खास तौर पर उपयुक्त है।

> हल्का वजन, जंग-रोधी और पर्यावरण के अनुकूल होना इस स्टील की मुख्य विशेषता

> भारतीय रेलवे के स्वच्छ परिवहन अभियान में जिंदल स्टेनलेस की बड़ी भागीदारी

### तीन दशक से उपलब्ध करवा रहे स्टील

इस उपलब्धि पर जिंदल स्टेनलेस के प्रबंध निदेशक अभ्युदय जिंदल ने कहा कि भविष्य में परिवहन सिर्फ स्वच्छ ऊर्जा पर ही नहीं, बल्कि ऐसी बेहतर सामग्रियों पर भी निर्भर करेगा जो इन चीजों को ज्यादा प्रभावी, मजबूत और पर्यावरण के अनुकूल बनाएं। भारत की पहली हाइड्रोजन से चलने वाली ट्रेन में योगदान देना हमारे लिए गर्व की बात है। यह देश की स्वच्छ परिवहन व्यवस्था और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य की दिशा में एक बड़ी उपलब्धि है। स्टेनलेस स्टील ने रेलवे में अपनी मजबूती, जंग न लगने की क्षमता, सुरक्षा और लंबे समय तक बेहतर प्रदर्शन के कारण अपनी उपयोगिता बार-बार साबित की है। भारत जैसे-जैसे नई पीढ़ी के परिवहन ढांचे का तेजी से विकास कर रहा है, हम ऐसे स्टेनलेस स्टील समाधान उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं जो नवाचार को बढ़ावा दें, टिकाऊ हों और लंबे समय तक बेहतर प्रदर्शन करें। जिंदल स्टेनलेस पिछले तीन दशकों से भारतीय रेलवे को स्टेनलेस स्टील की आपूर्ति कर रही है। कंपनी ने पहले एलएचबी कोच, वंदे भारत स्लीपर, भारत की पहली वंदे मेट्रो ट्रेन सहित कई मेट्रो और इंटरसिटी ट्रेनों जैसी महत्वपूर्ण परियोजनाओं के लिए स्टेनलेस स्टील उपलब्ध कराया है।

## दिव्यांग केंद्र में लगाया निःशुल्क शिविर

**हिसार।** सेवार्थ भाव से जुड़े दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में अपना कीर्तन परिवार के सहयोग से निशुल्क नेत्र जांच व फ्री नेत्र ऑपरेशन शिविर लगाया गया। इस शिविर में दिव्यांग केंद्र के अनुभवी चिकित्सकों ने जरूरतमंद लोगों की आंखों की जांच निशुल्क करके उचित परामर्श दिया। इसके साथ ही यहां स्थित आधुनिक ऑपरेशन थियेटर में आंखों के सफेद मोतियाबिंद के ऑपरेशन करके बुजुर्गों को नेत्र ज्योति प्रदान की गई। नेत्र जांच व नेत्र ऑपरेशन शिविर के दौरान सुशील गर्ग, सतबीर यादव, अनिल डाबड़ा व विनोद मित्तल सहित अपना कीर्तन परिवार की समस्त कार्यकारिणी मौजूद रही। इनके साथ ही ईश्वर गोयल बड़ोपलिया, अशोक शर्मा, जगमोहन जिंदल, मांगेराम गुप्ता, सुरेंद्र कुच्छल व हुकमचंद गोयल सहित काफी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।